C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 5:41 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 7:15 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 180 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 9 जनवरी 2025



कभी नहीं भूल पाएंगे फरहान के...पेज-3 पर

## संभल में फिर गरजेगा बुलडोजर, अतिक्रमण चिह्नित

संभल

एजेंसी

एएसआई की टीम ने सौंधन गांव के मुगलकालीन किले का निरीक्षण कर पैमाइश की है। इस बीच अतिक्रमण भी चिह्नित किया गया। डीएम ने बताया कि जिले के छह संरक्षित स्मारकों का निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई होगी। एएसआई की टीम तहसील के गांव सौंधन में स्थित मुगलकालीन किले का निरीक्षण करने पहुंची। टीम ने लेखपाल से पुराना नक्शा मांगा, लेकिन वह उपलब्ध नहीं करा सके। टीम ने अपने नक्शे के मुताबिक पैमाइश की है। पैमाइश के दौरान काफी अतिक्रमण चिह्नित किया है, जो हटाया जाना है। इसके लिए ग्रामीणों को निर्देश दिए हैं।



डीएम का कहना है कि जिले में छह संरक्षित स्मारक हैं। सभी का निरीक्षण एएसआई की टीम द्वारा किया जाना है। जिससे अतिक्रमण को हटाया जा सके। जिले में एएसआई संरक्षित छह स्मारक हैं। संभल की जामा मस्जिद, फिरोजपुर किला, सौंधन किला, चंद्रेश्वर तीर्थ, बेरनी मंदिर और गुमथल स्मारक इसमें शामिल हैं। सभी स्मारकों के आसपास अतिक्रमण की स्थिति है। इसी क्रम में सौंधन किले का निरीक्षण किया गया है। डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि सौंधन का किला मुगल बादशाह शाहजहां के दौर का बना हुआ है। 1645 ईसवीं में इसका निर्माण किए जाने की जानकारी सामने आई है। चार जनवरी को निरीक्षण करने के लिए पहुंचे तो अतिक्रमण पाया गया था। इसकी जानकारी पत्राचार के माध्यम से एएसआई को दी गई थी। इसी क्रम में टीम ने पैमाइश की है, जो अतिक्रमण किया हुआ है उसको एएसआई द्वारा हटवाया जाएगा। पुलिस प्रशासन का जो सहयोग चाहिए होगा वह दिया जाएगा। डीएम ने बताया कि अन्य स्मारकों का भी टीम निरीक्षण करेगी। जहां भी अतिक्रमण मिलेगा उसको हटाया जाना है। एएसआई के नक्शे में किले का आकार बड़ा, मौके पर मामूली मिला। एएसआई की टीम एक नक्शा अपने साथ लाई थी। जिसमें किला बड़े आकार में दर्ज है। इसके आसपास भी कोई निर्माण नहीं है। इस नक्शे के हिसाब से तो अतिक्रमण के साथ ही अवैध कब्जे भी किए जाने की आशंका है।

### News कॉर्नर

#### भाजपा प्रत्याशी को कार्यक्रम के दौरान आया हार्ट अटैक

**हरिद्वार।** हरिद्वार नगर निगम के वार्ड नंबर 4 से भाजपा प्रत्याशी अनिरुद्ध भाटी कार्यक्रम के दौरान अचानक नीचे गिर पड़े। निकाय चुनाव को लेकर हरिद्वार में कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रत्याशी को अचानक हार्ट अटैक आ गया। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि हरिद्वार नगर निगम के वार्ड नंबर 4 से भाजपा प्रत्याशी अनिरुद्ध भाटी लाइव डिबेट के दौरान अचानक नीचे गिर पड़े। उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती करवाया गया। डॉक्टरों का कहना है कि उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया है। उपचार चल रहा है। पार्टी के कई नेता और बड़ी संख्या में समर्थक भी अस्पताल में पहुंच गए हैं।

#### नियमितीकरण को 187वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल ।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को शीघ्र जारी करने को लेकर राज्य में किया जा रहा अनूठा पौधरोपण आंदोलन बुधवार को 187वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में जहां पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ के कर्मचारियों के द्वारा पलेटा स्थित धूसाखान शिव मंदिर परिसर व बंदरलीमा खिरचना के दुर्गा मंदिर परिसर में मंदिर के प्रमुख पुजारी चंचल सिंह खोलिया के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। दिनेश गुरु रानी ने कहा कि बुधवार को पर्यटकों को भी पौधारोपण कार्यक्रम से जोड़ा गया साथ ही स्थानीय कर्मचारियों व समाजसेवियों द्वारा पौधारोपण आंदोलन में सहयोग करते हुए पौधारोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में शेर सिंह, दीपक सिंह, नरेंद्र थापा, विजय बोरा, नरेंद्र सिंह, शिक्षक संगठन के अघोषित राज्य आंदोलनकारी नवीन सिंह कफ लिया ,चंद्र शमशेर पाल तथा तरबीन पोखरिया व समाजसेवी सुनील शाह मौजूद रहे।

पीएम मोदी गुरुवार को भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में पहुंचे

## प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने दिया मंत्र

नई दिल्ली

एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज आप ओडिशा की जिस महान धरती पर जुटे हैं वो भी भारत की समृद्ध विरासत का प्रतिबिंब है। ओडिशा में कदम कदम पर हमारी विरासत के दर्शन होते हैं। सैकड़ों वर्ष पहले भी ओडिशा से हमारी व्यापारी कारोबारी लंबा सफर करके बाली, सुमात्रा, जावा जैसे स्थानों तक जाते थे...ओडिशा में आज भी बाली यात्रा का आयोजन होता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भी इस अवसर पर मौजूद रहे। यहां पीएम मोदी ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा पीएम मोदी ने कहा कि यह जीवंत त्योहारों का समय है। कुछ ही दिनों में प्रयागराज में महाकुंभ शुरू हो रहा है। मकर संक्रांति, बिहू, पोंगल, लोहड़ी जैसे त्योहार आने वाले हैं। हर जगह आनंदमय वातावरण है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज आप ओडिशा की जिस महान धरती पर जुटे हैं वो भी भारत की समृद्ध विरासत का प्रतिबिंब है। ओडिशा में कदम कदम पर हमारी विरासत के दर्शन होते हैं। सैकड़ों वर्ष पहले भी ओडिशा से हमारी व्यापारी कारोबारी लंबा सफर करके बाली, सुमात्रा, जावा जैसे स्थानों तक जाते थे...ओडिशा में आज भी बाली यात्रा का आयोजन होता है।



उन्होंने कहा कि दुनिया में जब तलवार के जोर पर साम्राज्य बढ़ाने का दौर था, तब हमारे सम्राट अशोक ने यहां शांति का रास्ता चुना था। हमारी इस विरासत का ये वही बल है जिसकी प्रेरणा से आज भारत दुनिया को कह पाता है कि भविष्य युद्ध में नहीं है, बुद्ध में है।

पीएम मोदी ने कहा कि मैंने हमेशा भारतीय डायस्पोरा को भारत का राष्ट्रदूत माना है। मुझे बहुत खुशी होती है, जब पूरी दुनिया में आप सभी साथियों से मिलता हूं, आपसे बातचीत करता हूं। जो प्यार मुझे मिलता है, वो भूल नहीं सकता हूं। भारतीय जहां भी जाते हैं, वहां के नियम और परंपरा का सम्मान करते हैं। हम पूरी ईमानदारी से उस देश की, उस समाज की सेवा करते हैं। इस सबके साथ ही हमारे दिल में भारत भी धड़कता रहता है।

## प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर पीतांबरी पोशाक पहनेंगे रामलला

अयोध्या

एजेंसी

अयोध्या राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 11 जनवरी को मनाई जाएगी। इसके लिए विशेष वस्त्र तैयार किए जा रहे हैं। प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव पर 11 जनवरी को राम मंदिर में विराजमान बालकराम पीतांबरी पहनकर दर्शन देंगे।

रामलला की उत्सव मूर्ति व बालक राम के लिए दिल्ली में विशेष वस्त्र तैयार किए जा रहे हैं। इन वस्त्रों की बुनाई व कढ़ाई सोने-चांदी के तार से की जा रही है। साथ ही जगह-जगह चांदी की छाप भी बनाई जा रही है। यह वस्त्र 10 जनवरी तक अयोध्या पहुंच जाएंगे। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर तीन दिवसीय समारोह 11, 12 व 13 जनवरी को आयोजित होगा। 11 जनवरी को समारोह का शुभारंभ रामलला के अभिषेक से होगा। सुबह 10 बजे से रामलला के पूजन व अभिषेक का सिलसिला शुरू होगा। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जिस विधिविधान से रामलला का अभिषेक किया गया था, उसी तर्ज पर प्रतिष्ठा द्वादशी पर भी रामलला का अभिषेक पंचामृत, सरयू जल आदि से किया जाएगा। अभिषेक-पूजन के बाद ठीक 12:20 बजे रामलला की महाआरती होगी। 22 जनवरी को 12:20 बजे ही



रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान हुआ था। वहीं रामलला के लिए वस्त्र डिजाइनर मनीष त्रिपाठी विशेष वस्त्र तैयार कर रहे हैं। ट्रस्ट की ओर से मिली जानकारी के अनुसार रामलला के वस्त्र की बुनाई-कढ़ाई सोने-चांदी के तारों से की जा रही है।

यह वस्त्र अन्य कई रत्नों से जड़ित होंगे। पीला रेशम दक्षिण भारत के आंध्र प्रदेश के धर्मावरम से मंगाया गया है। इस रेशम की खासियत यह है कि इसका रंग लंबे समय तक बना रहता है, चमक भी बरकरार रहती है। इस समय सर्दी का मौसम चल रहा है इसलिए रामलला के लिए पश्मीना के अंगवस्त्र यानी धोती व दुपट्टा भी तैयार किए जा रहे हैं। इस पर भी सोने-चांदी से कढ़ाई की जा रही है। प्रतिष्ठा द्वादशी की तिथि पर रामलला स्वर्ण मुकुट, स्वर्ण हार सहित अन्य आभूषण भी धारण करेंगे।

## दून से महाकुंभ जाने वाली रोडवेज बसों की ऑनलाइन बुकिंग आज से शुरू

देहरादून

हमारे संवाददाता

दून से प्रयागराज महाकुंभ जाने वाली रोडवेज बसों के लिए यात्री आज बृहस्पतिवार से ऑनलाइन टिकट बुक करा सकेंगे। यात्रियों को वॉल्वो बस के लिए 2279 रुपये और साधारण बस के लिए 1160 रुपये किराया भुगतान करना होगा।

दून से प्रयागराज महाकुंभ जाने वाली रोडवेज बसों के लिए श्रद्धालु आज बृहस्पतिवार से टिकटों की एडवांस बुकिंग कर सकेंगे। परिवहन निगम ने इन बसों के लिए किराया भी तय कर दिया है। प्रयागराज महाकुंभ के लिए दून से भी रोडवेज बस सेवा शुरू की जा रही है। इसमें एक वॉल्वो और एक साधारण बस दस जनवरी से शुरू हो रही है। इसके लिए यात्री बृहस्पतिवार से ऑनलाइन टिकट बुक करा सकेंगे। यात्रियों को वॉल्वो बस के लिए 2279 रुपये और साधारण बस के लिए 1160 रुपये किराया भुगतान करना होगा।

ग्रामीण डिपो के सहायक महाप्रबंधक राजीव गुप्ता ने बताया कि प्रयागराज में महाकुंभ के लिए देहरादून से बस सेवा शुरू होने से लोगों को काफी राहत मिलेगी। श्रद्धालु ऑनलाइन टिकट बुकिंग के साथ ही काउंटर से भी एडवांस बुकिंग करवा सकेंगे।

## मौसम विभाग ने शीत लहर को लेकर जारी की चेतावनी

यूपी

एजेंसी

यूपी में कोहरे का प्रभाव जारी है। गुरुवार को प्रदेश के करीब 40 जिलों में सुबह घना कोहरा देखा गया। मौसम विभाग के अनुसार ऐसा मौसम अभी कुछ दिन और चलेगा।

उत्तर प्रदेश में कड़ाके की ठंड के बीच दो दिन से चल रही तेज रफ्तार पछुआ हवाओं से गलन और सिहरन बढ़ गई है। बुधवार को भी प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में तेज रफ्तार सर्द पछुआ हवाएं चलीं। कई जगहों पर घना कोहरा छाया रहा। प्रदेश के कई जिलों में घने कोहरे की वजह से दृश्यता 100 मीटर से भी कम देखी गई। गुरुवार की सुबह यूपी में 40 से अधिक जिलों में कोहरा देखा गया। यह कोहरा कहीं कम तो कहीं ज्यादा था। कुछ जिलों से शून्य



दृश्यता की भी खबरें हैं। मौसम विभाग की ओर से बृहस्पतिवार के लिए प्रदेश के 50 से ज्यादा जिलों में शीत दिवस (कोल्ड डे) का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 30 से ज्यादा जिलों के लिए घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट है। मौसम विभाग का कहना है कि गलन भरी ठंड और घने कोहरे का सिलसिला अगले तीन से चार दिनों तक ऐसे ही जारी रहने वाला है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि प्रदेश में ठंड और मध्यम से घने कोहरे का दौर अगले दो तीन दिनों तक ऐसे ही जारी रहेगा। एक नए विकसित हो रहे पश्चिमी विक्षोभ की वजह से 11 व 12 जनवरी को प्रदेश के विभिन्न जगहों पर बूंदाबांदी के संकेत हैं।

# धूमधाम से मनाया नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य का जन्मदिन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिले के बेतालघाट ब्लॉक के अमेल गांव में ग्रामीणों ने विकास पुरुष नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य का जन्मदिन धूमधाम से मनाया।

इस अवसर पर जेष्ठ प्रमुख गिरधर सिंह व बुजुर्गों ने केक काटकर जन्मोत्सव का शुभारंभ किया तत्पश्चात मिष्ठान व जलपान वितरित किया गया। वक्ताओं ने कहा की यशपाल आर्य जी ने विधायक व विधानसभा अध्यक्ष रहते क्षेत्र में विकास के कई महत्वपूर्ण कार्य किये ए जिनका लाभ आज भी क्षेत्र के लोगों को मिल रहा है ।अमेल मल्लीसेठी में पहाड में सबसे बड़ा मोटर पुल व अमेल तलली सेठीएभंडार पानीए अमगढी मोटर मार्ग तथा पहाड़ में पहली बार अमेल में सिंचाई के लिए ट्यूबवेल का निर्माण अमेल गांव वालों को सिंचाई सुविधा की सौगात दी।






बुधवार को अमेल गांव में अमेल गांव के ग्रामीणों की अगुवाई में नेता प्रतिपक्ष यशपाल का जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम में आसपास के क्षेत्रों से भी कार्यकर्ता पहुंचे थे ।वक्ताओं ने कहा की यशपाल आर्य ने विधायक व विधान सभा अध्यक्ष रहते बेतालघाट के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। अनगिनत मोटर मार्गए पांच महत्वपूर्ण पुल तथा कोसी कालाखेत पंम्पिग पेयजल योजना का निर्माण कर तमाम गांवों के लोगों को लाभान्वित किया। पूर्व दर्जा राज्यमंत्री पीसी गोरखा ने कहा की यशपाल आर्य का बेतालघाट से राजनीतिक नहीं बल्कि उनका व उनके परिवार का पारिवारिक रिश्ता जुड़ा है। कार्यकर्ताओं ने कहा की यशपाल आर्य के कार्यकाल में सूदूर गांवों के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ मिला। बाद में कार्यकर्ताओं ने महिलाओं व बुजुर्गों का शाल ओढ़ाकर स्वागत किया तत्पश्चात बुजुर्गों को कम्बल वितरित किए गये। जन्मोत्सव का समापन मिष्ठान व जलपान वितरित कर किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जेष्ठ ब्लाक प्रमुख गिरधर सिंह मचखोली,ग्राम प्रधान शेखर फूलारा,श्यामसिह,दिनेश सिंह रावत,पृथ्वी पाल सिंह,भूपाल सिंह,बौबी आर्य, महेंद्र कुमार,इन्द्र सिंह बोहरा चम्पा बोहराएभागीरथी बर्माए माया बोहराए डा0कुलवंतसिह जलालए ठाकुर सिहए पुष्कर सिंह विष्टए कान्ति बल्लभए गोपाल सिंह माया बोहराए ईश्वर गोरखा ललिता कोहली पुष्पा देवी धना बोहरा, राधिका भंडारी, अंम्बा दरमाल, हेमा जलाल,दीपा जलाल, बचीराम, प्रताप चंद, प्रेम चन्द्र,कुलदीप कुमार तथा पी सी गोरखा तथा संजय बोहरा आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# सभासद प्रत्याशी प्रकाश पाण्डेय ने मांगे वोट

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर पांच (स्नोव्यू )से सभासद पद के प्रत्याशी प्रकाश पाण्डेय ने बुधवार को अपने समर्थकों के साथ वार्ड के ब्रेसाइड, पुराना राजभवन, आल्मा हाउस, ओक लॉज, बेकम्बरी, तारा हॉल, माल्डन कॉटेज तथा स्नोव्यू आदि क्षेत्रों में घर-घर जाकर अपने पक्ष में वोट मांगे। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से गुजारिश की कि वह उनके चुनाव चिन्ह गुडिया पर मोहर लगाकर भारी मतों से विजय बनाएं। इस दौरान प्रियंका, भूपाल सिंह, एडवोकेट रजत, दीपक, प्रकाश, नंदन राम आर्या, महिपाल सिंह, सुनीता देवी, रीता देवी, मंजू देवी, तुलसी देवी, कविता आर्या, भावना देवी, कौशल्या देवी, नेहा, अन्नू, लीला, रेनू, निशा, ललिता तथा ममता देवी सहित अन्य समर्थक मौजूद रहे।

# पुलिस ने 11.64 ग्राम स्मैक के साथ एक को किया गिरफ्तार

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

वनभूलपुरा थाना पुलिस ने एक आरोपी को 11.64 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। उसे एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई कर जेल भेज दिया। बनभूलुपरा थाना पुलिस ने गौलापुल के पास संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग अभियान चलाया।

इस दौरान एक व्यक्ति ने पुलिसकर्मियों को देख कर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे तुरंत पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी से तलाशी में 11.64 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपी की पहचान दिलबर पुत्र असकर हुसैन निवासी मलिक का बगीचा, थाना वनभूलपुरा के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने यह स्मैक बहेड़ी से एक अज्ञात व्यक्ति से खरीदी थी और वह स्मैक का सेवन नहीं करता, बल्कि उसे बेचता था। बरामदगी के बाद आरोपी को एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत गिरफ्तार किया गया। जिसे कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया।

## अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार



**हल्द्वानी।** पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। राजपुरा चौकी पुलिस के अनुसार अवैध मादक पदार्थों और संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी हेतु क्षेत्र में गश्त की जा रही थी। इस बीच गोला नदी किनारे खड़ा युवक भागने की कोशिश करने लगा। जिसे शक होने पर घेराबंदी कर दबोच लिया गया। तलाशी में उसके कब्जे से दो पेटी अवैध शराब बरामद हुई। तस्कर ने अपना नाम कमल चन्द्र पुत्र स्व. नन्दन लाल, निवासी जवाहर ज्योति दमुवाढुंगा बतायश। पुलिस ने उसे कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया है।

## NEWS / फटाफट

### दीवार पर बैठा युवक असंतुलित होकर गिरा, गंभीर

**नैनीताल** । नगर के तल्लीताल क्षेत्र में घर की सुरक्षा दीवार पर बैठकर धूप सेक रहा युवक असंतुलित होकर गिर गया जिसमें उसका पैर टूट गया। जिसे राजकीय बी.डी.पांडे जिला अस्पताल में भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है। जिला अस्पताल से मिली जानकारी के मुताबिक अपर डांडा तल्लीताल निवासी नितिन बिष्ट (28) बुधवार दोपहर अपने घर की सुरक्षा दीवार पर बैठकर धूप सेक रहा था। इस दौरान वह असंतुलित होकर दीवार से नीचे गिर गया। पैर पर गंभीर चोट होने के कारण उसने पड़ोसियों को मदद को आवाज लगाई। पड़ोसी उसे तत्काल राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। मामले में जिला अस्पताल के पीएमएस डा. तरुण कुमार टम्टा ने बताया कि मरीज के एक पैर में फैक्चर आया है जिसे भर्ती कर अस्पताल में बेहतर उपचार दिया जा रहा है।

### बाइक रपटने से एक युवक चोटिल

**नैनीताल** । नगर के सात नंबर क्षेत्र में बाइक रपटने से एक युवक चोटिल हो गया। जिसे राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है। जिला अस्पताल से मिली जानकारी के मुताबिक सात नंबर निवासी सचिन आर्या बुधवार दोपहर बाइक से बाजार की ओर आ रहा था। खड़े ढलान में उतरने के दौरान उसने ब्रेक मारे तो बाइक अनियंत्रित होकर रपट गई। हादसे में सचिन को गंभीर चोटे आ गई। राहगीरों व उसके परिचितों ने मौके पर पहुंच उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। मामले में जिला अस्पताल के पीएमएस डॉ. तरु ण कुमार टम्टा ने बताया कि मरीज के कंधे में काफ ी चोट है जिसे भर्ती कर बेहतर उपचार दिया जा रहा है।

### पर्यटक की बच्ची हुई गुम, पुलिस ने की मदद

**नैनीताल।** राजस्थान से नैनीताल घूमने पहुंचे पर्यटक की बच्ची बुधवार को घूमते वक्त कई गुम हो गयी, बाद में पुलिस को सूचना देने के बाद पुलिस ने उसे ढूंढकर परिजनों के हवाले कर दिया ।बता दें रिक्शा स्टैंड मल्लीताल में पुलिस तथा सीपीयू कर्मी ड्यूटी में तैनात थे, इस दौरान राजस्थान (कोटा) से घूमने एक परिवार ने उन्हें बताया कि घूमने के दौरान भोटिया मार्केट गुरुद्वारे के सामने उनकी पांच वर्षीय बच्ची हमसे बिछड़ गई जो काफी ढूढ खोज के बाद भी नहीं मिल रही है। मामले की संवेदनशीलता के दृष्टिगत ड्यूटी में तैनात आरक्षी सुखदेव राणा कोतवाली मल्लीताल तथा सीपीयू कर्मी आरक्षी सुंदर सिंहए तथा आरक्षी ओसाद अहमद द्वारा मामले की संवेदनशीलता के दृष्टिगत त्वरित कार्यवाही करते हुए डीसीआर को सूचित किया गयाए तथा देर न करते हुए बच्ची की खोजबीन हेतु अलग अलग दिशाओं में निकल पड़े। खोजबीन के दौरान पुलिस कर्मियों को एक बच्ची रोती बिलखती हुई माल रोड पर मिली जिसे रिक्शा स्टैंड मल्लीताल चौकी लाया गया ।पुलिस द्वारा बच्ची के पिता को चौकी बुलाकर बाद तस्दीक बच्ची को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### हाईकोर्ट के नए न्यायधीश नैथानी आज लेंगे शपथ



**नैनीताल** । उत्तराखंड हाईकोर्ट के नए न्यायधीश आशीष नैथानी गुरुवार (आज) की सुबह शपथ ग्रहण करेंगे, उन्हें हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश जी.नरेंद्र द्वारा शपथ दिलाई जाएगी। शपथ ग्रहण मुख्य न्यायधीश की कोर्ट में होगा। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल कहकशा खान की ओर से इस आशय की सूचना जारी की गई है । बता दें कि न्यायमूर्ति आशीष नैथानी को उत्तराखंड हाईकोर्ट का जज नियुक्त करने का आदेश दो दिन पूर्व केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय द्वारा राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद जारी किया था । जस्टिस आशीष नैथानी उत्तराखंड उच्च न्यायिक सेवा के अधिकारी हैं । वे कुछ समय पूर्व उत्तराखंड हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल के पद से सेवानिवृत्त हुए थे लेकिन उनकी सेवानिवृत्ति से पूर्व उन्हें हाईकोर्ट का जज बनाने की संस्तुति हुई थी ।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# 11 को धूमधाम से मनायाजाएगा लोहड़ी उत्सव

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

## वॉइस ऑफ़ पंजाब के सिंगर मनीष कबीर मचाएंगे धमाल



पंजाबी जनकल्याण समिति द्वारा रामपुर रोड स्थित शकुंतलम लान में 11 जनवरी को शाम 5:00 बजे से लोहड़ी उत्सव का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है, जिसमें वॉइस ऑफ़ पंजाब के सिंगर मनीष कबीर द्वारा मंच पर धमाकेदार पंजाबी थीम पर प्रस्तुति दी जाएगी ।

कार्यक्रम संयोजक हरिमोहन अरोड़ा ने बताया कि संस्था हर साल लोहड़ी उत्सव को धूमधाम से मनाती आई है, इस साल भी संस्था खूब धूमधाम से लोहड़ी उत्सव का आयोजन कर रही है । मंच पर विभिन्न डांस एकेडमी द्वारा लगभग 200 बच्चे अपनी प्रस्तुति पंजाबी लोहड़ी थीम पर देंगे ।

सहसंयोजक राजीव बग्गा ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज में उल्लेखनीय कार्य करने वाली संस्थाओं को हल्द्वानी पंजाबी जनकल्याण समिति द्वारा स्व. प्यारा चंद ढींगरा स्मृति संस्था सम्मान से सम्मानित किया जाएगा । अध्यक्ष प्रदीप कक्कड़ ने बताया कि लोहड़ी उत्सव में दसवीं और बारहवीं में जिन पंजाबी बच्चों ने 85त्न से अधिक अंक प्राप्त किए हैं उन्हें स्व. रमेश चंद्र मोंगा की स्मृति में आम्रपाली युनिवर्सिटी द्वारा मेधावी सम्मान से सम्मानित किया जाएगा ।

महामंत्री मुकेश ढींगरा ने बताया कि जिन नवजात बच्चों एवं जिन नव विवाहित पंजाबी जोड़ों की पहली लोहड़ी है उनके साथ संस्था लोहड़ी प्रज्जवलन करेगी एवं उनको उपहार भी दिए जाएंगे । संस्था उपाध्यक्ष संजीव आनन्द ने बताया की संस्था के लगभग 50 से ज्यादा कार्यकर्ता, युवा एवं पंजाबी वूमेन क्लब की महिलाएं लोहड़ी उत्सव को सफल बनाने में अपनी भागीदारी दे रहे हैं । प्रेस वार्ता में कार्यक्रम संयोजक हरिमोहन अरोड़ा, संरक्षक सुभाष मोंगा, अध्यक्ष प्रदीप कक्कड़, महामंत्री मुकेश ढींगरा, उपाध्यक्ष संजीव आनंद, संरक्षक सुभाष मोंगा, उमंग वासुदेवा, संदीप गांधी, महेश आहूजा, राजीव मल्होत्रा, रश्मि राजपाल, अर्चना गुलाटी, अवनीश राजपाल, कनिष्क धींगरा, शिखर आहूजा, आदि उपस्थित थे।

# अभिमत



## खतरनाक संकेत

*उधमसिंह नगर में रंगदारी वसूलने और हत्या करवाने की कई वारदातें हो चुकी हैं। रंगदारी नहीं देने पर कनाडा से फोन पर हत्या की धमकी दी गई थी। कनाडा में खालिस्तानियों ने प्रदर्शन किये। भारत ने कनाडा सरकार से विरोध जताया। कनाडा ने भारत पर झूठा आरोप लगाया कि भारत के सुरक्षा बलों ने खालिस्तानी आतंकवादी की कनाडा में हत्या की है। राजनयिक स्तर पर भारत ने कनाडा को सख्त चेतावनी दी। अब खालिस्तानी आतंकवादियों को अमेरिका की खुफिया एजेंसी आईएसआई से मदद का खुलासा होने से और अधिक सतर्कता की जरूरत है।*

केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता संभालने के बाद साम्प्रदायिक दंगे, नक्सली हिंसा और आतंकवादी घटनाओं पर काफी हद तक नियंत्रण हो गया है। खालिस्तानी आतंकी संगठन फिर से हिंसा भड़काने की साजिश में जुटा है। विदेश से फंडिंग के साथ ही आईएसआई की साजिश सामने आ रही है। पीलीभीत जिले के पूरनपुर में पंजाब और उत्तर प्रदेश पुलिस के संयुक्त आपरेशन में तीन खालिस्तानी आतंकवादी मारे गये। उनके पास से एके-47 राइफल, दो पिस्टल और सौ कारतूस बरामद हुए। पंजाब के गुरदासपुर में खालिस्तानी आतंकवादियों ने पुलिस चौकी पर हमला किया था। इसके बाद खुफिया सूत्रों से पता चला कि हमला करने वाले आतंकी पीलीभीत में हैं। पंजाब पुलिस पीलीभीत पहुंची और यूपी पुलिस की मदद से सुराग लगाया। खालिस्तानी आतंकवादियों ने पुलिस को देखकर फायरिंग शुरू कर दी। मुठभेड़ में तीनों आतंकवादी मारे गये। खालिस्तानी आतंकवादियों से मुठभेड़ के बाद पूरे कुमाऊं में सुरक्षा बलों के सामने चुनौती खड़ी हो गई है। नब्बे के दशक में पंजाब के बाद सबसे अधिक वारदातें खालिस्तानी आतंकवादियों ने तराई क्षेत्र में की थीं। उत्तराखंड राज्य बनने से पहले नैनीताल, उधमसिंह नगर, पीलीभीत, लखीमपुर, शाहजहांपुर आदि जिलों में खालिस्तानी आतंकवादियों ने दहशत पैदा कर दी थी। आपरेशन ब्लू स्टार और राजीव-लोंगोवाल समझौते के बाद खालिस्तानी आतंकवाद पर काबू किया जा सका। अब कनाडा में खालिस्तानी आतंकवादियों के सरगना भारत में खूनखराबे के लिए खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स (केजेडएफ) के नाम से युवाओं को गुमराह कर हिंसा भड़काना चाह रहे हैं। पीलीभीत में मारे गये तीनों आतंकवादी युवा थे और पंजाब के गुरदासपुर के रहने वाले थे। गुरदासपुर में वारदात के बाद पीलीभीत आने से साबित होता है कि आतंकवादियों के तार तराई से जुड़े हैं। आतंकवादी तराई में छिपने के लिए आये थे। उधमसिंह नगर में रंगदारी वसूलने और हत्या करवाने की कई वारदातें हो चुकी हैं। रंगदारी नहीं देने पर कनाडा से फोन पर हत्या की धमकी दी गई थी। कनाडा में खालिस्तानियों ने प्रदर्शन किये। भारत ने कनाडा सरकार से विरोध जताया। कनाडा ने भारत पर झूठा आरोप लगाया कि भारत के सुरक्षा बलों ने खालिस्तानी आतंकवादी की कनाडा में हत्या की है। राजनयिक स्तर पर भारत ने कनाडा को सख्त चेतावनी दी। अब खालिस्तानी आतंकवादियों को अमेरिका की खुफिया एजेंसी आईएसआई से मदद का खुलासा होने से और अधिक सतर्कता की जरूरत है।

# राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

खेल निदेशालय उत्तराखंड तथा जिला प्रशासन नैनीताल और उत्तराखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन की ओर से आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को डीएसए मैदान में किया गया।

प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के करीब 150 प्रतिभागी प्रतिभाग कर रहे हैं। पहले दिन पिथौरागढ़, नैनीताल,चंपावत व देहरादून जिलों के खिलाडियों का दबदबा बना रहा। इससे पूर्व मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी पी.आर.चौहान ने खिलाडियों से रूबरू होकर उन्हें प्रोत्साहित किया और शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ जिसके बाद स्कूली छात्राओं ने कुमाऊंनी नृत्य प्रस्तुत किया और उसके बाद पहला बॉक्सिंग मुकाबला शुरू किया गया। इस दौरान उत्तराखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मुखर्जी निर्वाण, जिला क्रीड़ाधिकारी निर्मला पंत, स्टेट सेक्रेटरी गोपाल



खोलिया, जिला सचिव नवीन टम्टा, अंतरराष्ट्रीय रेफ री जोगेंद्र बोरा, अंतर्राष्ट्रीय कोच डीसी भट्ट, प्रदीप कुमार, पुष्पा दरमवाल, दिनेश चंद्र, कैप्टन बीएस रावत, नंदन नेगी, भागवत रावत, अजय कुमार तथा गोपाल खोलिया व सैनिक स्कूल के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता आदि लोग मौजूद रहे। बॉक्सिंग रिंग के अंदर रैफ री और ऑफिसियल की जिम्मेदारी पुष्पा कार्की, अजय कुमार, भगवत रावत, राजेन्द्र भाटिया, संजय अधिकारी, कमल जगाती, नंदन सिंह नेगी, मांन सिंह, पंकज कुमार, गौरव भंडारी, कैप्टन बी.एसप्रावत, प्रदीप कुमार ऐरी, अनिल कंडवाल, विनोद तिवारी व पूजा आदि ने संभाली। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय कोच डी.सी.भट्ट व उत्तराखण्ड बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव गोपाल खोलिया आदि मौजूद रहे। प्रतियोगिता में देहरादून, कोटद्वार होस्टल, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, पौड़ी, यूएसनगर, चंपावत तथा रुद्रप्रयाग, हरिद्वार व महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज व साई ट्रेनिंग सेंटर बागेश्वर, टनकपुर और नैनीताल के बॉक्सर भाग ले रहे हैं।

### बाइक सवार महिला अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरी

**नैनीताल।** जिला मुख्यालय नैनीताल के समीपवर्ती भूमियाधार क्षेत्र में बुधवार को बाइक सवार महिला अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। गंभीर रुप से चोटिल महिला को बाइक चालक स्वजनों की मदद से राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसे उपचार दिया गया। जिला अस्पताल से मिली जानकारी के मुताबिक खूपी निवासी सुनीता आर्या (37) ने बुधवार दोपहर में भवाली जाने के लिए एक बाइक में लिफ्ट ली, वह भूमियाधार क्षेत्र में पहुंची ही थी कि अचानक असंतुलित होकर चलती बाइक से नीचे गिर गई।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम नेहा गुजराल से बदलकर रचिता वर्मा रख लिया है। अत: भविष्य में मुझे रचिता वर्मा नाम से जाना पहचाना जाए। **-रचिता वर्मा पत्नी पवन वर्मा, 58 वार्ड नं0-49, भट्ट कालोनी, फेस-1, मुखानी रोड, हल्द्वानी, जिला-नैनीताल। ( उत्तराखंड )**

# हल्द्वानी नगर के व्यापारी उतरे भाजपा मेयर प्रत्याशी गजराज के समर्थन में

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

भाजपा मेयर प्रत्याशी गजराज सिंह बिष्ट ने आज चुनाव प्रचार अभियान अपने वार्ड 43 आरटीओ रोड में नुक्कड़ सभा से करते हुए , हट गार्डन में पुरातन कार्यकर्ता मिलन कार्यक्रम , हल्द्वानी मुख्य बाजार क्षेत्र में जन संपर्क के साथ वार्ड 13 राजपुरा एवं 14 टनकपुर रोड में नुक्कड़ सभा के साथ पूरा किया ।

भाजपा मेयर प्रत्याशी गजराज सिंह बिष्ट ने आज का तूफानी चुनाव प्रचार अपने वार्ड संख्या 43 में आयोजित नुक्कड़ सभा से किया , मेयर प्रत्याशी के स्वयं के वार्ड में सभा होने के चलते भारी संख्या में पहुंचे स्थानीय निवासियों ने उनका फूलमालाओं से भाजपा संगठन के द्वारा मेयर प्रत्याशी बनाए जाने पर जोरदार स्वागत अभिनंदन किया । गजराज सिंह बिष्ट ने नुक्कड़ सभा में मौजूद अपने वार्ड 43 की जनता को संबोधित करते हुए कहा नगर निगम हल्द्वानी का क्षेत्रफल एवं मतदाताओं की संख्या के आधार पर सबसे बड़े वार्ड होने के नाते हमको



सबसे बड़ी जीत की शुरुआत अपने ही वार्ड से करनी है । मेयर प्रत्याशी गजराज सिंह बिष्ट के जनसंपर्क ने सदर बाजार पहुंचते पहुंचते विशाल जुलुश की शक्ल ले ली , मेयर प्रत्याशी गजराज ने बर्तन बाजार , साहूकारा लाइन , मीरा मार्ग , कारखाना बाजार , मंगल पड़ाव क्षेत्र के व्यापारियों से उनका पुरजोर समर्थन मांगा , जिस पर बाजार क्षेत्र के व्यापारी एवं कारोबारियों ने खुशी की लहर में मेयर प्रत्याशी के साथ जुलुश में समूचे बाजार क्षेत्र में जमकर शिरकत की ।

इस दौरान भाजपा मेयर प्रत्याशी के साथ मुख्य रूप से विधायक बंशीधर भगत , निवर्तमान मेयर जोगेंद्र रौतेला ,नवीन वर्मा ,अमरजीत सिंह चड्डा, हुकुम सिंह कुंवर , रूपेंद्र नागर , विवेक कश्यप , राजीव जायसवाल ,गोपाल भट्ट पंडित जी, राजीव अग्रवाल , पंकज कपूर , साकेत अग्रवाल , तरुण बंसल , विदेश गुप्ता ,प्रताप बिष्ट , अनिल कपूर डब्बू ,दीपक मेहरा , सुरेश भट्ट , रेनू अधिकारी ,महेश शर्मा , मोहन पाठक , शशांक रावत , समीर आर्य , राजेंद्र सिंह बिष्ट , दिनेश आर्य ,प्रकाश हरबोला , मोहन पाल , शांति भट्ट , अलका जीना , कल्पना बोरा , रेणु टंडन , अमिता अग्रवाल समेत सैकड़ों व्यापारी जन सम्पर्क में शामिल रहे ।

## फिल्मी दुनिया

# कभी नहीं भूल पाएंगे फरहान के ये पांच किरदार



*बॉलीवुड अभिनेता फरहान अख्तर को फैंस उनके अभिनय, निर्देशन, गानों और लेखन के लिए पसंद करते हैं। फरहान अख्तर को उनकी फिल्मों और उनके दमदार किरदारों के कारण जाना जाता है। फरहान अख्तर को इसके बाद रॉक ऑन, जिंदगी ना मिलेगी दोबारा, भाग मिल्खा भाग, द स्काई इज पिंक, तूफान जैसी फिल्मों के दमदार किरदारों के लिए जाना जाता है। फरहान अख्तर ने फिल्म रॉक ऑन में अर्जुन रामपाल के साथ काम किया था। इस फिल्म में फरहान ने आदित्य श्रॉफ का किरदार निभाया था। फरहान अख्तर ने फिल्म जिंदगी ना मिलेगी दोबारा में ऋतिक रोशन, कैटरीना कैफ, अभय देओल और कल्कि के साथ काम किया। इस कॉमेडी ड्रामा फिल्म को फैंस ने बहुत पसंद किया। फिल्म में फरहान ने इमरान कुरैशी का किरदार निभाया था। मिल्खा सिंह के किरदार को इस फिल्म में फैंस ने बहुत पसंद किया। फरहान अख्तर के साथ इस फिल्म में योगराज सिंह, दिव्या दत्ता, सोनम कपूर ने काम किया। तूफान फिल्म में फरहान अख्तर ने बॉक्सर अजीज का किरदार निभाया था। साल 2021 में आई इस फिल्म को फैंस ने बहुत पसंद भी किया। फरहान के दमदार किरदार को फैंस आज भी पसंद करते हैं। प्रियंका चोपड़ा के साथ फरहान अख्तर को द स्काई इज पिंक रोमांटिक ड्रामा फिल्म में देखा गया। इस फिल्म में नरेन और अदिति के किरदार को फैंस ने बहुत पसंद किया है।*

### फरहान ने बनाई काम से पहचान

*फरहान अख्तर बतौर निर्देशक, अभिनेता, निर्माता और गायक इंडस्ट्री में पहचान बना चुके हैं। उन्होंने 1999 में रितेश सिधवानी के साथ मिलकर प्रोडक्शन कंपनी एक्सेल एंटरटेनमेंट की स्थापना की। फरहान अख्तर के पिता जावेद अख्तर, मां हनी ईरानी हैं। फरहान की बहन जोया अख्तर हैं, जो कि बतौर निर्देशक इंडस्ट्री में काम कर रही हैं। फरहान अख्तर ने पहली शादी अधुना भबनी से की, हालांकि साल 2017 में दोनों का तलाक हो गया। इसके बाद फरहान ने साल 2022 में शिबानी दांडेकर से शादी कर ली। फरहान अख्तर ने एक्टिंग के साथ ही बेहतरीन निर्देशन भी किया। उनकी निर्देशित फिल्मों में डॉन, डॉन 2, लक्ष्य और दिल चाहता है शामिल हैं।*

# कांग्रेस की पालिकाध्यक्ष प्रत्याशी डॉ. खेतवाल का प्रचार तेज

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल में कांग्रेस की पालिकाध्यक्ष प्रत्याशी डा. सरस्वती खेतवाल के प्रचार अभियान को गति देने के लिए मल्लीताल स्थित कांग्रेस कार्यालय में वरिष्ठ कांग्रेसी डा. रमेश पांडेय की अध्यक्षता में बैठक हुई।

बैठक में नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष डा.भावना भट्ट तथा व्यापार मंडल अध्यक्ष किशन सिंह नेगी, मुन्नी तिवारी, पूर्व पालिकाध्यक्ष संजय कुमार, पूर्व हाईकोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष नदीम मून, रिटायर्ड बैंकर मनोज भट्ट, नगर सचिव बंटू आर्य, जिलाध्यक्ष एनएसयूआई शार्दूल नेगी, जिला उपाध्यक्ष यूथ कांग्रेस ललित जिला बोरा तथा कार्यालय प्रभारी प्रेम शर्मा व मुख्य चुनाव एजेंट डीसीएस रावत आदि उपस्थित थे।

# भाजपा की पालिकाध्यक्ष प्रत्याशी जीवंती भट्ट ने मतदान की अपील की

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

भाजपा की पालिकाध्यक्ष प्रत्याशी जीवंती भट्ट ने विभिन्न जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर चुनाव प्रचार कर लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की गुजारिश की। बता दें विधायक श्रीमती सरिता आर्या के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने गोपाला सदन, वेभरली कंपाउंड, शेरवानी, मोहन पार्क, आरिफ कैसल होटल, क्षेत्रों में तथा कुर्मांचल बैंक,बालिका स्कूल,कुमाऊं मंडल विकासन निगम ऑफिस, टीआरसी, कुमाऊं यूनिवर्सिटी ऑफिस एवं आवास आदि क्षेत्र में प्रचार किया। इस दौरान दर्जनों पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## News कॉर्नर

### बनभूलपुरा दंगा के आरोपी जावेद की जमानत मंजूर

**नैनीताल ।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने बनभूलपुरा हल्द्वानी दंगा के एक आरोपी जावेद सिद्दीकी की जमानत मंजूर कर ली है । हाईकोर्ट ने जावेद सिद्दीकी की जमानत के मामले में 3 जनवरी 2025 को सुनवाई पूरी कर निर्णय सुरक्षित रख लिया था। यह फैसला आज जारी हुआ । न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की युगलपीठ में अपील पर सुनवाई हुई। आरोपी की ओर से कहा गया कि उस पर लगाये गये आरोप बेबुनियाद हैं। इस मामले में अन्य आरोपियों को जमानत मिल चुकी है। दूसरी ओर सरकार की ओर से जमानत का विरोध किया गया था। दूसरी ओर इस दंगे के मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक की जमानत अर्जी पर भी 3 जनवरी को सुनवाई पूरी हुई थी। उस पर फैसला सुरक्षित रखा गया है।

### हत्या के दो आरोपियों को दोषमुक्त करार

**नैनीताल ।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विक्रम की अदालत ने हत्या के दो आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त करार दिया है। ये दोनों आरोपी निकट लंघम छात्रावास तल्लीताल नैनीताल के निवासी हैं । अभियोजन पक्ष के अनुसार 8 जनवरी की रात्रि में नैनीताल निवासी युवक रोहित तिवारी पर मल्लीताल प्रधान डाकघर के समीप जानलेवा हमला हुआ था जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी । इस मामले में मृतक के पिता कृष्ण चन्द्र तिवारी ने मल्लीताल कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया था । एक चश्मदीद गवाह व अन्य तथ्यों के आधार पर पुलिस ने हत्या के जुर्म में लंघम छात्रावास के निकट निवासी संदीप पुत्र नरेश कीर्ति व अंकुर पुत्र विजय पाल को गिरफ्तार किया था और उनकी निशानदेह पर एक तमंचा व खोखा भी बरामद किया था। मामले की सुनवाई के दौरान गवाहों के बयानों तथा पुलिस चार्जशीट व अन्य साक्ष्यों को आरोपियों पर हत्या का जुर्म सिद्ध करने के लिये पर्याप्त न मानते हुए कोर्ट ने आरोपियों को संदेह का लाभ दिया और उन्हें दोषमुक्त करार दिया।

# फरार 50 हजार के ईनामी शातिर ड्रग तस्कर को किया गिरफ्तार

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

एसटीएफ और काठगोदाम थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में गत 11 वर्षों से फरार 50 हजार के ईनामी शातिर ड्रग तस्कर को नेपाल बार्डर से गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ नवनीत सिंह भुल्लर द्वारा मामले की जानकारी देते हुए बताया गया पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ द्वारा राज्य में विगत काफी समय से वांछित चल रहे ईनामी बदमाशों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे फ्विशेष अभियानय् के अन्तर्गत ठोस कार्यवाही करने हेतु अपने मातहतों को कड़े दिशा-निर्देश दिये गये हैं जिसके अनुपालन में अपनी सभी टीमों को उत्तराऽण्ड के ईनामी और गैंगस्टर पर कड़ी कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कल देर रात एसटीएफ की टीम द्वारा जनपद मोतीहारी, बिहार के नेपाल बार्डर से एक कुख्यात अंतर्राष्ट्रीय ड्रग डीलर रवीन्द्र सिंह पुत्र बादल सिंह, जिस पर 50 हजार का ईनाम घोषित था एवं पिछले 11 वर्षों से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था, को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। उन्होंने बताया 12 दिसम्बर2013 को थाना काठगोदाम जनपद नैनीताल में अभियुक्त प्रदीप पुत्र सुऽीराम निवासी जिन्द हरियाणा एवं रवीन्द्र सिंह पुत्र बादल सिंह निवासी महिपालपुर थाना वसन्तकुंज दिल्ली को 6-610 किलोग्राम चरस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था । जिसमें न्यायालय द्वारा दोनों की जमानत कर दी गयी थी परंतु जमानत पर बाहर निकलने के पश्चात अभियुक्त रविन्द्र दुबारा कभी न्यायालय में पेश नहीं हुआ, जिस पर उसकी गिरफ्तारी के लिए न्यायालय द्वारा वर्ष 2013 में गिरफ्तारी का आदेश जारी किया गया था । इस मामले में रविन्द्र के साथी प्रदीप को न्यायालय द्वारा 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनायी जा चुकी है । अभियुक्त रविन्द्र की गिरफ्तारी के लिए जनपद स्तर व रेंज स्तर पर काफी प्रयास किए गये परंतु अभियुक्त गिरफ्तार नहीं हो पाने पर उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊँ परिक्षेत्र द्वारा 50 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया था। जिस पर एसटीएफ की टीम के निरीक्षक अबुल कलाम के नेतृत्व मे गठित टीम द्वारा अभियुक्त रविन्द्र के बारे में मैनुवली सूचनायें एकत्रित की गयी, जिससे जानकारी मिली की फरार अभियुक्त रविन्द्र ने कस्बा परवाणीपुर जिला बिरगंज नेपाल में अपना मकान बना लिया है और वहीं से ही ड्रग्स की सप्लाई उत्तर प्रदेश के कानपुर,आगरा, उत्तराऽण्ड के ऊधम सिंह नगर व दिल्ली के अलग-अलग क्षेत्रें मे कर रहा है। अभियुक्त की और जानकारी पर उसके परिवार के बारे में पता चला की उसने अपना एक और मकान जिला मोतीहारी, बिहार में बना रहा है। जिस पर एसटीएफ की टीम द्वारा पिछले कई हफ्रतों से कस्बा मोतीहारी मे भेष बदल कर रहकर उसके परिवार से मिलने जुलने वालों की रैकी की गयी जिसके फलस्वरूप अभियुक्त रविन्द्र की गिरफ्तारी में सफलता प्राप्त हुई है। अभियुक्त से पूछताछ में जानकारी मिली की अभियुक्त ने अपना एक काफी बडा ड्रग नेटवर्क तैयार कर लिया था जिसके माध्यम से वह उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश एवं दिल्ली मे चरस सप्लाई कर रहा था।




# प्रयागराज महाकुंभ के लिए काठगोदाम को मिली ट्रेन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

महाकुंभ के लिए पूर्वोत्तर रेलवे ने काठगोदाम रेलवे स्टेशन को नई ट्रेन 05312 दी है। यह ट्रेन काठगोदाम से झूंसी स्टेशन तक चलेगी।

प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ के लिए पूर्वोत्तर रेलवे ने काठगोदाम रेलवे स्टेशन को नई ट्रेन 05312 दी है। यह ट्रेन काठगोदाम से झूंसी स्टेशन तक चलेगी। कुंभ के दौरान यह ट्रेन 12, 27 जनवरी, 01, 10, 24 फरवरी को काठगोदाम से रवाना होगी।

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 और गणतंत्र दिवस के अलावा प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ को लेकर देशभर की सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर है। इसी को लेकर केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों और 11 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस अफसरों की मीटिंग में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान तय किया गया कि 13 जनवरी से 26 फरवरी तक होने वाले महाकुंभ के लिए आने वाली सभी ट्रेनों की सघन तलाशी ली जाएगी। ताकि देश विरोधी ताकतें किसी तरह की गड़बड़ी में कामयाब नहीं हो सकें। इसे देखते हुए राजधानी दिल्ली, लखनऊ, प्रयागराज समेत यूपी के अधिकांश रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है।

अधिकारियों ने बताया कि,रेलवे स्टेशन और ट्रेनों की चैकिंग के अलावा रेलवे ट्रैक पर भी आरपीएफ और जीआरपी के जवान गश्त कर रहे हैं। इतना ही नहीं आरपीएफ और जीआरपी के जवान ट्रेन में सफर कर रहे लोगों से लगातार यात्रा के दौरान सतर्क रहने की अपील भी कर रहे हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से होकर प्रयागराज की ओर जाने वाली ट्रेनों में रेलवे से जुड़ी सुरक्षा एजेंसियां विशेष सतर्कता बरत रही हैं।



# पुलिस निरीक्षक व उप निरीक्षक के खिलाफ की गई कार्यवाही पर डीजीपी से मांगा जवाब

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट नैनीताल विक्रम की अदालत ने एनडीपी एस एक्ट के एक आरोपी को न्यायिक हिरासत में लेने कोर्ट में न आने पर रामनगर कोतवाली के एसआई जोगा सिंह व कोतवाल अरुण सैनी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही किये जाने के निर्देश पुलिस महानिदेशक को दिए हैं । कोर्ट ने डीजीपी से उक्त पुलिस निरीक्षक व उप निरीक्षक के खिलाफ की गई कार्यवाही से एक माह के भीतर कोर्ट को बताने को कहा है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार रामनगर पुलिस आशु खान नामक व्यक्ति के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले में आरोपी ने कोर्ट में 4 जनवरी को आत्म समर्पण का प्रार्थना पत्र दिया था लेकिन इस मामले की जांच कर रहे दरोगा जोगा सिंह 4 जनवरी को भी कोर्ट में मौजूद नहीं थे और आज जब आशु खान ने कोर्ट में जमानत प्रार्थना पत्र दिया तब भी उक्त दरोगा कोर्ट में उपस्थित नहीं थे ।

इस मामले में जब सहायक शासकीय अधिवक्ता पूजा साह ने रामनगर के कोतवाल से विवेचक जोगा सिंह के कोर्ट में न आने के बारे में पूछा तो उन्होंने अत्यंत अशोभनीय भाषा में उन्हें जबाव दिया । एडीजीसी पूजा साह ने इस बारे में कोर्ट को अवगत कराया जिसके बाद कोर्ट ने पुलिस इंस्पेक्टर अरुण सैनी व सब इंस्पेक्टर जोगा सिंह के खिलाफ टिप्पणी करते हुए उनके खिलाफ कार्यवाही हेतु डीजीपी को निर्देशित किया है । इस मामले में एनडी पीएस एक्ट के उक्त आरोपी की कोर्ट ने जमानत मंजूर कर ली है।

# कैडेट पंकज शर्मा सिंगापुर, कंबोडिया, वियतनाम, इंडोनेशिया और थाईलैंड की यात्रा करेंगे

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विवि के डीसबी परिसर नैनीताल के एमएससी (सांख्यिकी) के उदयीमान छात्र कैडेट पंकज शर्मा को प्रतिष्ठित एनसीसी ओवरसीज डिप्लॉयमेंट के लिए चुना गया है। इसके अन्तर्गत भारतीय नौसेना पोत पर 23 जनवरी (गुरुवार) से 16 मार्च 2025 (रविवार) तक कैडेट पंकज शर्मा सिंगापुर, कंबोडिया, वियतनाम व इंडोनेशिया और थाईलैंड की यात्रा करेंगे।

एनसीसी अधिकारी व सब लेफ्टिनेंट डा. रीतेश साह के मुताबिक कैडेट पंकज को एनसीसी ओवरसीज डिप्लॉयमेंट के अन्तर्गत भारतीय नौ सेना के जहाज पर लगभग तीन माह तक रहने का अवसर प्राप्त होगा जहां पंकज एक नौ सैनिक की भांति सीमैनशिप, कम्युनिकेशन तथा डिजास्टर मैनेजमेंट तथा फ ायरफ इटिंग तथा गनरी आदि के गहन प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और इस अवधि में उन्हें 5 देशों के सैन्य अधिकारियों से मिलने का अवसर तो प्राप्त होगा ही साथ ही उनकी संस्कृति को नजदीक से देखने का अवसर प्राप्त होगा।

पिछले वर्ष डीएसबी परिसर के 4 कैडेट्स आयुष डोगरा, सुमित अधिकारी, सुभम सिंह तथा सौरभ रावत को इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया, केन्या, मॉरीशस, तंजानिया, मोम्बिक,सेशेल्स, फि लीपींस तथा वियतनाम और ब्रुनेई जाने का अवसर प्राप्त हुआ था। इस बीच कैडेट पंकज की इस उपलब्धि पर कुमाऊँ विवि के कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत, कुल सचिव डा.मदन सिंह मंद्रवाल, कैप्टन चंदर विजय नेगी (सीओ 5 यूके नेवल यूनिट एनसीसी नैनीताल), प्रो. नीता बोरा शर्मा (निदेशक डीएसबी परिसर), प्रो. संजय पंत, प्रो. एच.सी.एस. बिष्ट, एनसीसी अधिकारी व सब लेफ्टिनेंट डा. रीतेश साह, वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. ललित तिवारी और एनसीसी कैडेट्स समेत कुविवि परिवार ने शुभकामनाएं देकर उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।



### दर्जनों महिलाओं ने कांग्रेस के सदस्यता ली

**नैनीताल ।** भवाली कांग्रेस कार्यालय में महिला जिला कमेटी की अध्यक्ष खष्टी बिष्ट के नेतृत्व में बुधवार को दर्जनों महिलाओं ने कांग्रेस के सदस्यता ली। बिष्ट के मुताबिक जिसमें मुख्य रुप से बीना पांडे एवं सुनीता शाही को जिला उपाध्यक्ष तथा अनीता आर्य को जिला सचिव, सुरुचि आर्य को नगर महिला कांग्रेस महामंत्री तथा रचना को नगर उपाध्यक्ष, बबीता को महिला कांग्रेस नगर उपसचिव जबकि माया देवी को नगर सचिन मनोनीत किया गया।

# ससुरालियों पर उत्पीड़न व जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

ससुरालियों पर उत्पीड़न और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए महिला ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस को सौंपी तहरीर में पीलीकोठी निवासी टीना शर्मा ने कहा है कि उसका विवाह 6 फरवरी 2013 को दीपक शर्मा पुत्र सुरेन्द्र कुमार शर्मा, निवासी चिड़ावा, झुंझुनूं, राजस्थान और वर्तमान निवासी फ्लैट नंबर टी-2, गैलेक्सी अपार्टमेंट, रघुनंदन विहार, जयपुर से हुआ था। इस विवाह में प्रार्थिनी के पिता ने दान-दहेज में यथासंभव मदद की और लगभग 10 लाख रुपये खर्च किए थे। विवाह के समय दीपक को बी.टेक इंजीनियर बताया गया था और यह कहा गया था कि वह प्रतिमाह 80,000 रुपये कमाता है। शादी के बाद प्रार्थनी को यह पता चला कि दीपक नशे का आदी है। वह शराब, चरस, गांजा आदि का सेवन करता है और अपनी सारी कमाई इसी पर खर्च करता है। नशे की आदत से तंग आकर वह अपने मायके आगरा चली गई। वहां पर उसके पिता ने दीपक को समझाने की कोशिश की, और दीपक ने माफी मांगकर भविष्य में ऐसा न करने का लिखित आश्वासन दिया। आरोप है कि दीपक शर्मा का बचपन का मित्र और जीजा दीपक शुक्ला उस पर अपनी गंदी नजर रखता है और अश्लील हरकतें करता है। पीड़िता ने ननदोई दीपक शुक्ला, ननद शालिनी शुक्ला, पति दीपक शर्मा, सास हर्ष शर्मा, ससुर सुरेन्द्र कुमार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# हनुमान चालीसा पाठ के साथ किया चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

नगर निगम के वार्ड नंबर 43 के छड़ायल सुयाल क्षेत्र में कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी किरन महारा और कांग्रेस मेयर प्रत्याशी ललित जोशी के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन हनुमान चालीसा पाठ के साथ विधिवत रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनता की उत्साहपूर्ण उपस्थिति ने आयोजन को खास बना दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से हुआ, जिससे माहौल में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जनसेवा और क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। यशपाल आर्य ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता का लक्ष्य जनता की सेवा और क्षेत्र का विकास होना चाहिए। मैं सभी से अपील करता हूं कि कांग्रेस मेयर प्रत्याशी ललित जोशी और पार्षद प्रत्याशी किरन महारा को विजयी बनाएं और वार्ड नंबर 43 के विकास का सपना साकार करें। कार्यक्रम ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नया जोश भर दिया और नगर निगम चुनाव में पार्टी को मजबूती देने का संकल्प लिया गया।

इस मौके पर कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट, पूर्व राष्ट्रीय सचिव प्रकाश जोशी, पूर्व विधायक संजीव आर्य, पूर्व ब्लॉक प्रमुख भोला दत्त भट्ट, भागीरथी बिष्ट, खजान पांडे, सतीश नैनवाल, इंदर पाल आर्य, डॉ. केदार पलड़िया, अखिल भंडारी, तारा नेगी, कैलाश शाह, अनुपम कबड़वाल, नीरज तिवारी, जगमोहन बगड़वाल, योगेश जोशी और संजय किरौला समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे।

